# ज्योतिर्गमय

संस्कृतनिष्ठ बाल-मासिक पत्रिका

## विषय: - मम प्रियं पुस्तकम् / मेरी प्यारी पुस्तक





- ज्योत्सना, ८ ब


अंक - ६१ अक्टूबर २०२५, विक्रम संवत् २०८२

मानव भारती देहरादून - विद्यालयस्य प्रयासः

आत्मानं विद्धि




# संस्कृतं किमर्थं पठनीयं ज्ञातव्यं च ?




**अमृतं संस्कृतं मित्र ! सरसं सरलं वचः।**
**एकतामूलकं राष्ट्रे ज्ञान-विज्ञान पोषकम्।।**

दौर्भाग्यमेव किलैतद् यद् गतद्शताब्दद्वयादस्माकं प्रियो भारतदेशो बहुधा परकीयतां गतः। पूर्वमाङ्लशासनेन भारतं भारताद् दूरीकृतं सद् "इण्डिया" नामकोपनिवेशरूपेण परिवर्तितम्। एतत् परिवर्तनं नाममात्रपरिवर्तनं नासीत्। इदं चिन्तनाचारमूल्यानामपि परिवर्तनमासीत्। तस्यैव स्मृतिं मनसि धारयन्तो वयम् "इण्डिया दैट इज भारत" इति संकल्पनां स्वनियतित्वेन स्वीकृतवन्तः। बाह्यरूपेण आरोपिताम् एतां संकल्पनां वहन्तो वयं स्वगौरवम् अन्विष्यामस्तस्मिन् तुष्टाश्च भवामः। राजनैतिकस्वातन्त्र्यप्राप्तेः सप्ततिवर्षाणामनन्तरमपि स्थितिरियं तथैव प्रवर्तते। अद्यापि वयं यस्यां भूमौ जीवामः तस्याः ज्ञानपरम्परां न विद्मः, नापि तस्याः ज्ञानराशेः सङ्गतिं कुर्मः यस्याः वयं स्वामिनः । आधुनिकतराः अत्याधुनिकतराश्च भवितुं प्रयतमानाः वयमद्य पाश्चात्यजगतः प्रतिकृतिप्रतिकृतित्वेन परिणताः। एतद्विधं "स्वराज्यं" एतद्विधा "स्वाधीनता" चास्माकम् उद्देश्यं नासीत्।

औपनिवेशिकशासनकाले सांस्कृतिक्याः अस्मितायाः यादृशः समूलमुच्छेदः अभवत्, सः स्वतन्त्रभारतेऽस्माकम् अनुकरणात्मकशिक्षाव्यवस्थायां निरन्तरं प्रचलति। अस्माभिः ऋणगृहीतैः प्रगत्युन्नतिविकासमापकैः स्वीकृतैः सम्मानितैश्च। पाश्चात्यरीतिं सार्वभौमिकीं नितराम् उपयुक्तां च मत्वा वयमद्य पतनोन्मुखाः तिष्ठामः। अस्याः क्रियायाः उपलब्धयः मिश्रिताः सन्ति। अस्माभिः आत्मनिर्भरतायाः आत्मसम्पन्नतायाश्च लक्ष्यं न प्राप्तम्, परं पाश्चात्यानां शुभाशुभप्रवृत्तयः अस्मासु निविष्टाः। आत्मसंशय आत्मग्लानिश्च अस्माभिः आत्मसात्कृतः। स्वभाषाभावाचारविचारवेशभूषा भोजनपानेभ्यः वयं दूरं गताः। स्व-अस्मितायाः सहस्रवर्षप्राचीनानां अवशेषाणां विलोपनस्य अधिकारः अस्माकं नास्ति। एवं कुर्वन्तः वयं न लज्जिताः। अद्य पाश्चात्यजगत् पर्यावरणहान्यहिंसादिकविषयकैः प्रश्नैः सह संघर्षं करोति। तस्याः संस्कृतेः लक्ष्यसमृद्धिलालसायाः अन्तरं विवृतम् , तत्र सुखशान्तिसमृद्धिविषयकमहास्वप्नानां शृङ्खलाः शीघ्रं छिद्यन्ते।

अस्यां पृष्ठभूमौ भारतमद्य अमृतकालस्य संकल्पं गृह्णाति अथ च समर्थभारतनिर्माणाय प्रयतते। इदं नवं भारतमस्ति यत् स्वसंस्कृतिं ज्ञानपरम्परां च नवीनविधया ज्ञातुं प्रयतते। अस्य प्रयासस्य वैचारिकम् आधारं वयम् अस्माकं संस्कृतौ अन्विष्यामः। अद्य शिक्षाव्यवस्था अपि अनुकूला क्रियते। अस्यां क्रियायां संस्कृतभाषासाहित्यसिद्धान्तानां महती भूमिका अस्ति। संस्कृतभाषा शाश्वतकालात् भारतीयसंस्कृतेः मुख्यद्वारभूता आसीत्। अस्याः वाग्द्वारतो गत्वा वयं लोकस्य विविधविद्याशास्त्राणां विशालं ज्ञानप्राङ्गणं प्रविशामः। वेदवेदाङ्गस्मृतिग्रन्थमहाकाव्य-धर्मशास्त्रगणितविज्ञानार्थशास्त्रनीतिशास्त्रदर्शनसाहित्ययोगायुर्वेदादिविषयाणाम् अमितसम्पदा पूर्णम् एतत् प्राङ्गणं प्रकृतिजीवनसमाजैः सह सम्बद्धम्। एतत् सर्वं परमसत्तास्पन्दनेन अनुप्राणितम्। अस्य परिवेशस्य प्राणवायुः मूलतः संस्कृतम् एव।

सर्वस्पर्शि एतत् स्पन्दनं प्राचीनकालाद् अस्मासु भारतीयेषु मूल्यवतीं संतुलितजीवनदृष्टिं प्रवर्तयति। वाचिकमाध्यमभूता संस्कृतवाग् अनेकासां भारतीयभाषाणां जननी। संस्कृतस्य लच्छिल- तार्किकसर्जनात्मकभाषिकवैशिष्ट्यानि ज्ञानार्जनसंप्रेषणयोग्यतां कुर्वन्ति।

जीवनस्य विविधप्रयोजनैः युक्ताः संस्कृतपालिप्राकृतभाषाः सभ्यतासंस्कृतिभिः अभिन्नरूपेण सम्बद्धाः। अस्याः अकुण्ठभावेन ज्ञानसर्जनसंरक्षणसंवर्धनस्य अविरतं प्रयासाः विधेयाः। अस्मिन् रचितानि शास्त्राणि मानवीयमेधामानकानि, स्वविविधताव्यापकतागम्भीर्यैः विश्वं चमत्कुर्वन्ति। एषा ज्ञानसम्पत् सहस्रवर्षाणां सततसाधनाफलम्। अस्यां परम्परायां ज्ञानं तटस्थवस्तु न, अपितु मुक्तिदायकं, जीवनक्लेशसमस्याभ्यः मोचकं मन्यते। ज्ञानप्रक्रियातः बहिः किमपि नास्ति। भारते ज्ञानस्य महिमा नानारूपैः प्रतिष्ठितः। भौतिकाध्यात्मिकक्षेत्रेषु ज्ञानस्य प्रकाशः अज्ञानान्धकारं निरस्यति।

संस्कृतज्ञानपरम्परायाः काश्चन विशेषताः सर्वान् आकर्षन्ति। अत्र प्रयुक्ताः शब्दाः तत्प्रेषितावधारणाश्च ज्ञानस्य प्रभावोपकरणतत्त्वानि। शब्दैः एव वस्तुनः परिचयः प्रामाणिकताज्ञानं च भवति। शब्दैः एव वस्त्वनुभवस्य प्राप्तिः भवति - "सर्वं शब्देन भासते"। शब्दस्य महत्त्वं दर्शयितुम् ऋग्वेदे वाक्सूक्तं रचितम्, शब्दब्रह्मणः अवधारणा प्रतिपादिता सरस्वतीरूपेण वाक् देवीत्वं प्राप्ता। शब्दशक्तीनां शब्दोत्पत्तिस्थितीनां (परापश्यन्तीवैखरीणां) भाषापदवाक्यादिस्तरेषु प्रयोगः, शब्दार्थविश्लेषणं शब्दभूमिकाणां च विस्तृतदार्शनिकव्याख्या कृता। संस्कृतव्याकरणशास्त्रं स्वोपलब्धिभिः विश्वविश्रुतम्। पाणिनेः अष्टाध्यायी मानवबुद्धेः कीर्तिस्तम्भः, येन संस्कृतभाषाप्रयोगाय वैज्ञानिकः आधारं प्रदत्तः।

संस्कृते विवेचनशैली सतर्का वर्तते। अत्र मूलतर्कं रक्षित्वा संवादाय स्थानं तिष्ठति। प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दप्रमाणैः सटीकं प्रयुज्य प्रामाणिकज्ञानाय यत्नः कृतः। स्मरणसौविध्याय संक्षिप्तसूत्रपद्धतिः, तेषु भाष्यटीकाग्रन्थरचना च कृता। अस्यां परम्परायां पूर्वपक्षस्य चर्चया सह नूतनविचाराः उत्तरपक्षरूपेण प्रस्तुताः। ब्रह्मयोगधर्मभक्तिकामसूत्राणां निरन्तरं परिष्कारः चर्चा चात्र प्रचलति। एते विषयाः सामान्यजीवनेन सम्बद्धाः। धर्मरसात्मब्रह्मयोगादीनां अवधारणाः शुद्धाः अस्माकम् एव।

विचारस्वातन्त्र्यं संस्कृतस्य तृतीया विशेषता, या दर्शनेषु दृश्यते। भारतीयदर्शनसम्प्रदायेषु तेषां विशेषज्ञेषु च विवेचनशैली निष्कर्षवैविध्यं मानसिकस्वातन्त्र्यं घोषयति। एषा सर्जनात्मकप्रतिभैव वेदान्तशाखारूपेण अद्वैतशुद्धाद्वैतविशिष्टाद्वैतद्वैताद्वैतादिरूपेण प्रकटिता। बौद्धजैनदर्शनेषु अपि चिन्तनं प्रचुरम्। अस्यां ज्ञानपरम्परायाम् एकस्य सत्यस्य अनुभवप्रकाशनवैविध्यं सर्वदा ग्राह्यम्। "एकं सद् विप्राः बहुधा वदन्ति" इति उपनिषद्वाणी न केवलं सद्भावदर्शनम्, अपितु अकादमिकसहिष्णुताम् अपि प्रदर्शयति। अस्यां परम्परायां ज्ञानप्रवाहः सततं प्रवहति, या जीवनदृष्टिः मूलतः भारतीया सती वैश्विकप्रासङ्गिका मूल्यवती च। संस्कृतज्ञानपरम्परा संकुचिता न, व्यापकदृष्टेः, यत्र सर्वेषां स्थानम्। अस्याः परिचयेन उपयोगेन च मानवविकासमार्गः प्रशस्तः। इमां हत्वा वयं ताः सम्भावनाः हरामः यासु मानवता वसति। विपत्तिसङ्घर्षमध्येऽपि मानवः सार्थकजीवनाभिलाषी। संस्कृतभाषा एतां जिजीविषां प्रबोधयति।





**धर्मभाषा- संस्कृतं कर्मभाषा- संस्कृतम् ।**
**धर्मकर्मप्रचोदकं खलु विश्वभाषा- संस्कृतम्।।**




**- प्रो. गिरीश्वर मिश्रः " पूर्व कुलपतिः"**
**अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा**

# सूक्तिमालिका - जीवनम्

नैतिक शिक्षा तथा जीवन- मूल्यों की सूक्तियां




**१. किं कर्तव्यं ? परोपकार: -**

क्या करना चाहिए ? परोपकार ।

**२. किं परिधेयम् ? स्वच्छं वसनम् -**

क्या पहनना चाहिए ? स्वच्छ कपड़े।

**३. क्व स्नातव्यम् ? स्वच्छे नीरे -**

कहाँ नहाना चाहिए ? साफ पानी में।

**४. क्व भ्रमितव्यम् ? स्वच्छ- समीरे -**

कहाँ घूमना चाहिए ? खुली हवा में।

**५. किं परिहेयम् ? सर्वं व्यसनम् -**

क्या छोड़ना चाहिए ? सभी प्रकार की बुरी आदतें।

**६. किं कर्तव्यं संकटकाले ? धैर्य- धारणम् -**

संकटकाल में क्या करना चाहिए ? धैर्य धारण।

**७. किं कर्तव्यं दुर्जनसंगे ? मौन- धारणम् -**

दुर्जनों के साथ क्या करना चाहिए ? मौन धारण ।

**८. किं कर्तव्यं वर्षा- समये? छत्र- धारणम् -**

वर्षा के समय में क्या करना चाहिए ? छाता धारण करना चाहिए।

**९. किं कर्तव्यं शैशवकाले ? विद्याऽध्ययनम् -**

बचपन में क्या करना चाहिए ? विद्या का अध्ययन करना चाहिए।

**१०. किं कर्तव्यं चरमे काले ? ईशस्मरणम् -**

जीवन के अंतिम समय में क्या करना चाहिए? ईश्वर का स्मरण करना चाहिए।

**११. किं वक्तव्यम् ? हितकर - वचनम् -**

क्या बोलना चाहिए - सबके हित की बातें बोलना चाहिए।

- {बालकवितावलि: - २}

# नैतिक शिक्षा - श्लोक:

**दूरादवेक्षणं हास: संप्रश्नेष्वादरो भृशम्।**
**परोक्षेऽपि गुणश्लाघा स्मरणं प्रियवस्तुषु।।**
**असेवके चानुरक्ति: दर्शनं प्रियभाषणम्।**
**अनुरक्तस्य चिह्नानि दोषेऽपि गुणसङ्ग्रह:।।**

**- (हितोपदेश - २/५९-६०)**

**अर्थात् -** दूर से निहारना, हंसना, बात पूछते समय अधिक आदर दिखाना, पीठ पीछे भी गुण का वर्णन करना, अपनी प्रिय वस्तुओं का स्मरण करना, जो सेवक नहीं है उसे भी प्रेम करना, मधुर बातें करते हुए कुछ देना और दोष से भी गुण ग्रहण करना - ये सभी प्रसन्नता के लक्षण होते हैं।

---

**अयं बन्धु: अयं नेति गणना लघुचेतसाम्।**
**उदारचरितानां तु विगतावरणैव धी: ।।**

**- (योगवासिष्ठ - ५/१८/६१)**

**अर्थात् -** यह अपना बन्धु है, यह अपना बन्धु नही है - ऐसी सोच तुच्छ बुद्धि के मनुष्य करते हैं। उदारचरित व्यक्तियों की बुद्धि ऐसे अज्ञान के आवरण से रहित होती है। उदारचरित बुद्धि वाले मनुष्य के लिए सारा संसार अपना बन्धु है।

---

**यदा धर्मश्च भार्या च परस्परवशानुगौ।**
**तदा धर्मार्थकामानां त्रयाणामपि सङ्गम:।।**

**- (महाभारत, वन पर्व)**

**अर्थात् -** यदि धर्म और स्त्री परस्पर वश में हों (सन्न्यस्त भाव छोड़कर) तो धर्म, अर्थ और काम इन तीनों वस्तुओं का एकत्र समागम हो जाता है।

---

**दुर्जनदूषितमनस: सुजनेष्वपि नास्ति विश्वास:।**
**बाल: पायसदग्धो दध्यपि फूत्कृत्य भक्षयति।।**

**- (हितोपदेश - ४/१२)**

**अर्थात् -** दुर्जनों से धोखा खाने वाला मनुष्य सज्जनों पर भी विश्वास नहीं करता। बालक का मुख खीर से जल जाने पर वह दही भी फूंक-फूंक कर खाता है।

## मधुरं संस्कृतम् - २० (संस्कृत- समानार्थक- शब्दा:)

**१. शिक्षक: = अध्यापक:**
**२. शिक्षिका = अध्यापिका**
**३. माता = जननी**
**४. पिता = जनक:**
**५. लक्ष्मी = श्री**
**६. सभा = संसद:**
**७. कमलम् = पंकजम्**
**८. सरस्वती = भारती**
**९. वाक् = वाणी**
**१०. श्रेय : = कल्याणम्**

**११. दुग्धम् = पय:**
**१२. औषधि: = भिषक्**
**१३. वायु: = वात:**
**१४ शीघ्रम् = क्षिप्रम्**
**१५. महिला: = स्त्रिय:**
**१६. पत्नी = भार्या**
**१७. रोगी = रुग्ण:**
**१८. तत: = अनन्तरम्**
**१९. मुखम् = वदनम्**
**२०. उत्सव: = पर्व**
**२१. इच्छितम् = अभीष्टम्**

# तर्कपूर्ण नीतिश्लोकों और शिक्षाप्रद कहानियों से युक्त पंचतंत्र है मेरी प्रिय पुस्तक...





पंचतंत्र एक विश्वविख्यात कथा ग्रन्थ है। पंडित विष्णुशर्मा ने राजा अमरशक्ति के मूर्ख पुत्रों को कुशल राजनीतिज्ञ बनाने के उद्देश्य से कथाओं के संकलन के रूप में पञ्चतन्त्र की रचना की थी। इसमें मित्रभेद, मित्रसम्प्राप्ति, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश तथा अपरीक्षित-कारक ; इन पाँच खण्डों में कुल ७० कथाएँ तथा ९०० श्लोक हैं। श्लोकों में प्राय: तर्कपूर्ण नीतिश्लोक प्रयुक्त हैं। पञ्चतन्त्र का अनुवाद चतुर्थ शताब्दी के आस-पास ईरान की पहलवी भाषा में हुआ था। इसी के आधार पर विदेशी भाषाओं में इसके अनेक अनुवाद हुए। आज प्राय: संसार की सभी भाषाओं में पंचतंत्र पढ़ी जा रही है। बच्चों के लिए यह उपहार स्वरूप ही है। ग्रन्थ में प्रतिपादित राजनीति के पाँच तंत्र (भाग) हैं। इसी कारण से इसे 'पंचतंत्र' नाम प्राप्त हुआ है। भारतीय साहित्य की नीति कथाओं का विश्व में महत्त्वपूर्ण स्थान है। पंचतंत्र उनमें प्रमुख है। यह पुस्तक उपदेशप्रद भारतीय पशुकथाओं का संग्रह है, जो अपने मूल देश तथा पूरे विश्व में व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। पंचतंत्र का महत्व उसके नैतिक और व्यावहारिक शिक्षाओं में निहित है, जो पशु-पक्षी पात्रों की कहानियों के माध्यम से जीवन के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान प्रदान करती है। यह मानवीय व्यवहार की गहरी समझ देती है और बुद्धिमानी, सत्यनिष्ठा, करुणा तथा सहयोग जैसे गुणों को बढ़ावा देती है। पंचतंत्र की कहानियाँ बच्चों और बड़ों, दोनों के लिए जीवन की जटिलताओं से निपटने और बेहतर नागरिक बनने का मार्गदर्शन करती हैं । पंचतंत्र की कहानियाँ हमें ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, बुद्धिमत्ता और करुणा जैसे नैतिक मूल्यों को सिखाती हैं ।

**- ज्योत्सना ८ ब**

# मेरी पसंदीदा किताब

## " Learning How to Fly "




कभी-कभी कोई किताब सिर्फ पढ़ी नहीं जाती—वो हमारे अंदर उतर जाती है, जैसे वो हमारी सोच, हमारे सपनों और हमारी आत्मा का हिस्सा बन गई हो। मेरे लिए Learning How to Fly ऐसी ही एक किताब है। जब मैंने इसे पढ़ा, तो ऐसा लगा जैसे ये मेरे दिल में बस गई हो। सच कहूँ तो, यह किताब मेरी आत्मा में घुल गई है। इस किताब को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी ने लिखा है। उन्होंने अपने बचपन की सच्ची कहानियाँ, संघर्ष, और सपनों को बहुत ही सरल और सच्चे शब्दों में बताया है।

रामेश्वरम के एक छोटे से गाँव से लेकर राष्ट्रपति भवन तक की उनकी यात्रा मुझे यह सिखाती है कि कोई भी सपना बड़ा नहीं होता - अगर हौसला बड़ा हो।

मैंने बहुत सारी किताबें पढ़ी हैं, लेकिन Learning How to Fly कुछ अलग है। यह सिर्फ एक कहानी नहीं है, यह एक एहसास है। जब मैं इसे पढ़ रही थी, तो ऐसा लगा जैसे हर शब्द मेरे अंदर उतर रहा है। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि यह किताब मेरे साथ बात कर रही है, मुझे समझा रही है, और मुझे उड़ने की हिम्मत दे रही है।

मुझे यह किताब इसलिए पसंद है क्योंकि यह मेरी आत्मा में घुल गई है। इसने मुझे सिखाया कि डर से लड़ो, सपनों को पकड़ो, और कभी हार मत मानो।

इस किताब की एक लाइन है जो मैं कभी नहीं भूल सकती -"सपना वो नहीं जो नींद में आता है, सपना वो है जो नींद ही नहीं आने देता है। "जब भी मैं कुछ बड़ा सोचती हूँ या किसी मुश्किल से डरती हूँ, तो यही लाइन मुझे फिर से उठने की ताकत देती है।

Learning How to Fly ने मुझे यह समझाया कि उड़ान भरने के लिए पंखों की नहीं, हौसले की ज़रूरत होती है। यह किताब मेरे लिए सिर्फ प्रेरणा नहीं है, यह मेरी साथी है—जो मुझे हर बार याद दिलाती है कि मैं भी उड़ सकती हूँ।


**अदिति शाह - ९ ए**



## अब विहान खुश हुआ

मानव भारती कक्षा द्वितीय का छात्र विहान का कहना था कि संस्कृत दिवस पर मेरे सभी दोस्त पुरस्कृत हुए मैं क्यों नहीं ? स्कूल के संस्कृत शिक्षक डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी ने विहान से मधुराष्टकम् सुनकर उसे भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अब यह विहान खुश है,यही तो मानव भारती की विशेषता है कि हर बच्चा स्कूल आये और खुश रहे।

# मम प्रियं पुस्तकम् – " श्रीमद्भगवद्गीता "




**।। अथ श्रीमद्भगवद्गीता माहात्म्यम् ।।**
**गीता-शास्त्रमिदं पुण्यं यः पठेत्प्रयतः पुमान् ।**
**विष्णोः पदमवाप्नोति भयशोकादिवर्जितः ।।१।।**
**गीताध्ययनशीलस्य प्राणायामपरस्य च ।**
**नैव सन्ति हि पापानि पूर्वजन्मकृतानि च ।।२।।**
**मलनिर्मोचनं पुंसां जलस्नानं दिने दिने ।**
**सकृद्गीताम्भसि स्नानं संसारमलनाशनम् ।।३।।**
**गीता सुगीता कर्त्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः।**
**या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता ।।४।।**
**भारतामृतसर्वस्वं विष्णोर्वक्त्राद्विनिः सृतम् ।**
**गीतागंगोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ।।५।।**
**सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः ।**
**पार्थो वत्सः सुधीर्भक्ता दुग्धं गीतामृतं महत् ।।६।।**
**एकं शास्त्रं देवकीपुत्रगीतमेको देवो देवकी-पुत्र एव।**
**एको मन्त्रस्तस्य नामानि यानि कर्माप्येकं तस्य देवस्य सेवा ।।७।।**



**(१)** अर्थात् जो मनुष्य शुद्ध चित्त होकर प्रेम पूर्वक इस पवित्र गीताशास्त्र का पाठ करता है वह भय और शोक आदि से रहित होकर विष्णु धाम को प्राप्त कर लेता है।
**(२)** जो मनुष्य सदा गीता का पाठ करने वाला है तथा प्राणायाम में तत्पर रहता है उसके इस जन्म और पूर्व जन्म में किए हुए समस्त पाप निःसंदेह नष्ट हो जाते हैं।
**(३)** जल में प्रतिदिन किया हुआ स्नान मनुष्यों के केवल शारीरिक मल का नाश करता है परंतु गीता ज्ञान रूप जल में एक बार भी किया हुआ स्नान संसार -मल को नष्ट करने वाला है।
**(४)** जो साक्षात् कमलनाभ भगवान विष्णु के मुख कमल से प्रकट हुई है, उस गीता का ही भली भांति गान (अर्थ सहित स्वाध्याय) करना चाहिए, अन्य शास्त्रों के विस्तार से क्या प्रयोजन है।
**(५)** जो महाभारत का अमृतोपम सार है तथा जो भगवान् श्रीकृष्ण के मुख से प्रकट हुआ है, उस गीतारूप गंगाजल को पी लेने पर पुनः इस संसार में जन्म नहीं लेना पड़ता।
**(६)** संपूर्ण उपनिषदें गौ के समान हैं, गोपालनन्दन श्रीकृष्ण दुहने वाले हैं, अर्जुन बछड़ा है तथा महान् गीतामृत ही उस गौ का दुग्ध है और शुद्ध बुद्धिवाला श्रेष्ठ मनुष्य ही उसका भोक्ता है।
**(७)** देवकीनंदन भगवान श्रीकृष्ण का कहा हुआ गीताशास्त्र ही एकमात्र उत्तम शास्त्र है, भगवान् देवकीनंदन ही एकमात्र महान् देवता हैं, उनके नाम ही एक मात्र मंत्र हैं और उन भगवान् की सेवा ही एकमात्र कर्तव्य कर्म है।

**- डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी**

---

# श्रीमद्भगवद्गीता मम प्रियं पुस्तकम्

**नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन।**
**न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रयः।।** **- (श्रीमद्भगवद्गीता-३.१८)**

**अर्थात् -** कर्मयोगसे सिद्ध हुए महापुरुष का इस संसार में न तो कर्म करने से कोई प्रयोजन रहता है, और न कर्म न करने से ही कोई प्रयोजन रहता है, तथा सम्पूर्ण जीव में (किसी के भी साथ) यह किञ्चिन्मात्र भी सम्बन्ध (लेना देना) नहीं रहता।
मेरी प्रिय पुस्तक 'गीता' है, जो कि महाभारत के भीष्म पर्व के अन्तर्गत है। भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये उपदेश के रूप में यह पुस्तक हमारे सामने आती है। यह पुस्तक संस्कृत भाषा में लिखी गयी है और इसका अनुवाद विश्व की लगभग हर भाषा में हो चुके हैं।
गीता की विषयवस्तु में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को कौरवों के साथ युद्ध करने के लिए प्रेरित करने के लिए दिये गये उपदेश शामिल हैं। इसमें भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के बारे में बताया है और यह भी समझाया है कि इन तीनों योगों का पालन करके हम मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं।
गीता की विशेषता यह है कि इसमें भगवान श्री कृष्ण ने जीवन के हर पहलू को छुआ है और यह बताया है कि कैसे हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। इसमें भगवान कृष्ण ने यह भी बताया है कि हमें अपने कर्मों को बिना किसी फल की इच्छा के करना चाहिए और हमें अपने जीवन में भगवान की भक्ति करनी चाहिए।
गीता का प्रभाव हमारे जीवन पर बहुत गहरा हो सकता है, अगर हम इसके उपदेशों को अपने जीवन में उतारें। यह पुस्तक हमें यह सिखाती है कि हमें अपने जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए कैसे प्रयास करना चाहिए और हमें अपने जीवन में भगवान की भक्ति करनी चाहिए।
इस प्रकार, गीता एक ऐसी पुस्तक है जो हमें जीवन के हर पहलू को समझने में मदद करती है और हमें यह सिखाती है कि कैसे हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

**एवं प्रवर्तितं चक्रं नानुवर्तयतीह यः।**
**अघायुरिन्द्रियरामो मोघं पार्थ स जीवति।।** **- (श्रीमद्भगवद्गीता-३.१६)**

अर्थात् - हे पार्थ ! जो मनुष्य इस लोक में इस प्रकार की परंपरा से प्रचलित सृष्टिचक्र के अनुसार नहीं चलता है, वह इन्द्रियों के द्वारा भोगों में रमन करनेवाला व पापमय जीवन में रहने वाला संसार में ही जीता है।

**यस्त्वात्मरतिरेव स्याद् आत्मतृप्तश्च मानवः।**
**आत्मन्येव च सन्तुष्टः तस्य कार्यं न विद्यते।।** **- (श्रीमद्भगवद्गीता-३.१७)**

अर्थात् - जो मनुष्य स्वयं में ही प्रसन्न रहता है, जो स्वयं में ही संतुष्ट रहता है, जो स्वयं में ही आनंदित रहता है, उसके लिए कुछ भी करना शेष नहीं रहता।
हम सभी को गीता की पुस्तक अवश्य घर में रखनी चाहिए और नित्य निष्काम भाव से स्वाध्याय करना चाहिए। सच में गीता एक अलौकिक साहित्य सृजन है। यह देवताओं, ऋषियों द्वारा मानवों को दिया गया एक महत्वपूर्ण उपहार है।

**- नैना खाती १० स**

# मेरी सर्वप्रिय पुस्तक "श्रीरामचरितमानस " जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है...




पुस्तकें हमें जीवन के सभी क्षेत्रों के पात्रों की भूमिका निभाने की अनुमति देकर सहानुभूति को बढ़ावा देती है । कुछ पुस्तकों को पढ़ने से जीवन शैली पर सीधा प्रभाव पड़ता है ऐसी ही एक पुस्तक श्रीरामचरितमानस है । इस पुस्तक के रचयिता श्रीगोस्वामी तुलसीदास जी एक महान संत कवि थे। यह पुस्तक उन अध्यापकों तथा उन विधार्थियों का शमन करेंगी जो अपना जीवन अध्ययन-अध्यापन को अर्पित कर चुके हैं । कुछ विद्वानो ने अपनी बुराईयों को स्वीकार करते हुए इस पुस्तक के माध्यम से अपनी बुराईयों को भी छोड़ा और हमेशा के लिए अपने जीवन को महान कार्य में लगाया। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस पुस्तक में शिक्षा , परिवार , समाज , राज्य की शिक्षा , संस्कार की भूमिका का वर्णन किया है । रामचरितमानस को सात कांडो में विभक्त किया है (१) बालकांड (२) अयोध्याकांड (३) अरण्यकांड (४) किष्किंधाकांड (५) सुंदरकांड (६) लंकाकांड (७) उत्तरकांड

मंगलभवन अमंगलहारी द्रवहु सो दशरथ अचर बिहारी और होईहिसोई जो राम रुचि राखा को करि तर्क बढ़ावै साखा ॥

रामचरितमानस का अत्यधिक महत्व है यह न केवल धार्मिक ग्रन्थ है बल्कि भारतीय संस्कृति और साहित्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है । यह भगवान श्री रामजी के जीवन और आदर्शो को दर्शाता है । इसका पाठ करने से जीवन जीने की कला नैतिक मूल्य और सामाजिक सदभाव की शिक्षा मिलती है । भगवान श्री रामजी की जीवन यात्रा से सीखने को मिलता है कि चुनौतियों का सामना करने और अपनी गलतियों से सीखने के बाद ही मनुष्य को प्रगति मिलती है ।

रामचरितमानस पढ़ने से कई फायदे होते हैं धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह माना जाता है कि इसके नियमित पाठ से भगवान श्रीराम जी और माता सीताजी का आर्शीवाद प्राप्त होता है और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है । इसके अतिरिक्त यह माना जाता है कि रामचरितमानस का पाठ नकारात्मकता को दूर करता है और घर में सुख शांति व समृद्धि लाता है ।

उदाहरण के लिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में भगवान श्री रामजी के चरित्र से हम धैर्य , साहस और सच्चाई का पाठ सिखते है । जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करना सिखते है । हमारे जीवन में सकारात्मक सोच उत्पन्न होती है । आत्मविश्वास में वृद्धि होती है व सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है ।

रावण के चरित्र से हम यह सिखते है कि अधर्म का मार्ग अपनाने से विनाश होता है जीवन में सब कुछ होते हुए हमारे हाथों से सब कुछ छीन जाता है ।

गोस्वामी तुलसीदास जी का रामचरितमानस लिखने का प्रमुख उद्देश्य आम लोगों तक भगवान श्री रामजी की कथा का प्रसार करना और तत्कालीन विषम परिस्थितियों में धार्मिक एवं सामाजिक चेतना का संचार करना था ।

**प्रभु तोषेउ सुनि शंकर बचाना ।**<br>**भक्ति बिबेक धर्म जुत रचना ॥**

अर्थात भक्ति ज्ञान और धर्म से युक्त वे वचन जिन्हे सुनकर परम संतोष की अनुभूति होती हो वो शिक्षा है ।

**- खुशी कक्षा - पंचम**

# विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर "संस्कृत समूहगान समागम" का आयोजन...







**सरलभाषा संस्कृतं सरसभाषा संस्कृतम् ।**<br>**सरस - सरल- मनोज्ञमङ्गल देवभाषा संस्कृतम् ॥**





संस्कृत सप्ताह के अवसर पर मानव भारती स्कूल देहरादून के सभागार में स्वरमय संस्कृत गायन समागम का आयोजन किया गया। समागम में बच्चों ने मनोयोग से विविधतापूर्ण संस्कृत गीतों का गायन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से आठवीं तक के बच्चों ने दीप श्लोक, मधुराष्टकम् , आज्ञां मानय मान्य जनानाम् , प्रात: सायं भजनीयम् , मम बाल- पाठशाला बहु शोभते विशाला, भारतं मम मातृभूमि:, सुन्दरसुर - भाषा, लोकहितं मम करणीयम् , सहित अनेकानेक संस्कृत गीतों की श्लाघनीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ० अनन्तमणि त्रिवेदी ने प्रतिभागियों का वाचिक स्वागत किया तथा बच्चों की प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की। अपने विशेष धन्यवाद ज्ञापन में प्रधानाचार्य श्री अजय गुप्ता ने बच्चों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। मानव भारती के निदेशक डॉ. हिमांशु शेखर ने सफलतापूर्वक संपन्न स्वरमय संस्कृत गायन समागम के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। समागम का सुमधुर संचालन सृष्टि शर्मा कक्षा 8 ब ने की। इस अवसर पर संगीत शिक्षक श्री राजीव सागर और तनीषा पंवार के वाद्ययंत्रों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत शिक्षक डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी ने किया ।

**भाषासु मुख्या मधुरा, दिव्या गीर्वाणभारती।**<br>**तस्या: हि मधुरं काव्यं तस्मादपि सुभाषितम्।।**

# आइये शब्दों को धारण करें ...

ज्यादातर लोग शब्दों को सुनते और निकाल देते हैं पर यदि श्रेष्ठ शब्दों को धारण किया जाए तो वे जीवन को शतपथ पर आगे बढ़ाते हैं। शब्द किनके धारणीय होते हैं?
जो तपस्वी हैं, करुणा से पूर्ण हैं और आचारवान हैं उनके शब्द धारणीय होते हैं। माता सर्वाधिक करुणा वाली होती है। अतः अबोध प्रथमतः माता के शब्द को धारण करता है। गुरु ज्ञान देकर जीवन को उज्ज्वल बनाता है। अतः उसके शब्दोंको धारण किया जाता है। मैं १९९६ से लेकर २००४ तक सार्वजनिक मंचों पर बहुत भाषण देता था। मुझे भाषण का सुख मिलता था। २००४ के अक्टूबर मास में मुझे दैवी आदेश हुआ कि बोलना बंद करो। सुनना,अध्ययन करना आरम्भ करो।
मैंने ऐसा ही आचरण आरम्भ किया। बहुत आग्रह पर कहीं कहीं बोलने जाता था। इसी दौरान मुझे लगा कि सुनने का सुख,अध्ययन का सुख बोलनेसे अधिक है। सुनने से वस्तु का ज्ञान होता है और देखने से चित्त आह्लादित होता है।यद्यपि सुनना भी तीन प्रकार का होता है... सात्विक,राजसिक और तामसिक। वेद,शास्त्र और योग विद्या आदि का श्रवण सात्विक होता है जो मोक्ष की ओर ले जाने को प्रेरित करता है। नाम संकीर्तन और भजन भी सात्विक होता है। साहित्य, नाट्य और नृत्य..गीत का श्रवण राजसिक होता है। राजनैतिक भाषणों का श्रवण और उनसे जीवन की दिशा को तय करना भी राजसिक ही होता है। इसमें सत्व और तम का मिश्रण होता है। पर निंदा श्रवण,अश्लील श्रवण और अपशब्द श्रवण चित्त विदारक तथा तामसिक होता है। इससे बाहर निकलने का रास्ता संकीर्ण होता है।




- आशिता चौहान, १० अ, तक्षशिला सदन

जिस श्रवण से मोक्ष और पुण्य की प्राप्ति हो वह उत्तम होता है। जिस श्रवण से स्वर्ग की प्राप्ति हो वह मध्यम माना जाता है। लोक उपकारक श्रवण भी मध्यम में आता है। जिस श्रवण से कुछ लोगोंको लाभ और कुछ लोगों को हानि हो उसे मध्यम माना जाता है। भोग लिप्सा, आत्म स्वार्थ , पर को हानि पहुंचाने वाला श्रवण कथन अधम में आता है। यह नरक के द्वार को खोलता है।
श्रवण का अधिक भाग जीवन में राजसिक होता है। यही राजनीति के मार्ग को खोलता है। यही मध्यम मार्ग देता है।इसमें छल और लोभ होता है। तामसिक श्रवण कथन में केवल स्वार्थ और जघन्यता होने से यह नरक कारक होता है। तामसिक श्रवण का सात्विक फल तब मिलता है जब धर्म,राष्ट्र और जन की रक्षा के लिए भाषण दिया जाता है।
इसका बाह्य स्वरूप तामसिक होकर भी परिणाम धर्म और लोक कल्याण से जुड़ा होने से शुभ होता है। पाप नाशक श्रवण सर्व श्रेष्ठ श्रवण होता है। इसे ढूंढते रहना चाहिए। बोलने में भी वाक् तत्व होता है और श्रवण में भी होता है। वाक् को बाहर क्षेपित मुख करता है और अंतः में कान डालता है। एक ही वाक् के लिए दो शरीरस्थान मुख और कान काम करते हैं। कान भीतर ले जाता है और बुद्धि से वाक् तत्व की भेंट कराता है।यही कारण है कान ज्ञान इंद्रिय है और मुख केवल बाह्य कर्म का उपकरण है।
यद्यपि बोलने से भी पुण्य होता है और सुनने से भी।पर सुनने का माध्यम दो कान हैं। बोलने का माध्यम एक मुख। ॐ को सुनना और बोलना दोनों प्रकार से शुभ है।
बोलने से वाक् क्षय होता है। इसे मौन धारण करके रोका जाता है। सुनने से चित्त का पटल भरता है। चित्त पटल का अधिक भरना आत्म संयम को बाधित करता है। मुझे परमेश्वरी से लगातार आदेश प्राप्त होता रहा है कि तत्त्व का श्रवण करो, दैवी आदेश का अनुपालन करो। बाहरी शब्दों के प्रतिघात से प्रभावित मत हो। शब्द से प्रतिघात मत करो। शब्द के प्रभाव को पचाने का अभ्यास करो। जब से इस दिशा में बढ़ा हूँ अपनी कमी समझ में आने लगी है।आदेशों के पालन का भविष्यत लाभ दिखने लगा है।
अतः आइए शब्दों के सात्विक स्वरूप को धारण करें।
शब्द ब्रह्म सनातन को हृदयंगम करें। अपशब्द ब्रह्म के दुष्प्रभाव से जन्मांतर को बचाएं ।। ॐ ।।

**- डॉ. कामेश्वर उपाध्याय , वाराणसी**
**(प्रखर विद्वान् वक्ता, ज्योतिर्विद् , समीक्षक, लेखक, समाजसेवी )**

# "इंटर स्कूल गीता पाठ प्रतियोगिता में मानव भारती देहरादून ने "प्रथम पुरस्कार" के साथ स्कूल ट्रॉफी विजेता का सम्मान प्राप्त किया ..........."



संस्कृत सप्ताह तथा हश्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कासीगा स्कूल देहरादून द्वारा अंतर्विद्यालय श्रीमद्भगवद्गीता पाठ प्रतियोगिता में मानव भारती देहरादून ने प्रथम पुरस्कार के साथ स्कूल ट्रॉफी प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को गीता के 16 वें अध्याय दैवासुर संपद् विभाग योग से सम्बन्धित श्लोकों का सस्वर वाचन करना था, जो मानव भारती के बच्चों ने मनोयोग से स्वरमय वाचन कर सर्वोत्तम विजेता का पुरस्कार प्राप्त कर लिया। प्रतियोगिता में लगभग 18 स्कूलों से 198 बच्चों ने प्रस्तुति दी। मानव भारती के संस्कृत शिक्षक डॉ.अनन्तमणि त्रिवेदी के निर्देशन में बच्चों ने गीता श्लोकों का गायन कर वहाँ उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



यह पुरस्कार मुख्य अतिथि श्री अनिल रतूड़ी (पूर्व पुलिस महानिदेशक "डी. जी. पी." उत्तराखंड, वर्तमान आयुक्त, सेवा का अधिकार आयोग उत्तराखंड) ने प्रदान किया। डी. ए. वी. (पी जी कॉलेज)के संस्कृत विद्वान् , लेखक, विचारक, साहित्यकार तथा हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर रामविनय सिंह ने बच्चों की मनभावन प्रस्तुति की खूब सराहना की।

कासीगा स्कूल के विद्यालय प्रमुख हेडमास्टर राशिद शरफुद्दीन, संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. नूतन स्मृति, पूर्व डी. जी. पी. श्री अनिल रतूड़ी, प्रोफेसर रामविनय सिंह, डॉ. इन्दिरा जुगरान, डॉ. नीतू बलूनी ने मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल देहरादून टीम को गीता की पुस्तकें, प्रमाण पत्र और स्कूल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

स्कूल टीम में सर्वश्री ऊर्वी भाटी 9 स , नव्या उनियाल 9 स,आनिया राणा 9 ब, नव्या पांडे 9 स, रिस्मिता राणा 9 स, पलक्षा 9 अ, श्रेया सेनवाल 9 ब, सुहानी भंडारी 9 अ, खुशी तिवारी 8 अ, रीधम 8 ब तथा सृष्टि शर्मा 8 ब, बच्चे समुपस्थित थे। इस अवसर पर मानव भारती देहरादून के निदेशक डॉ. हिमांशु शेखर, प्रधानाचार्य श्री अजय गुप्ता सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता के साथ विजेता बच्चों को बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं प्रदान की।

सोलहवें अध्याय के प्रथम श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं कि हे अर्जुन ! भय का सर्वथा अभाव, अन्त: करण की पूर्ण निर्मलता, तत्त्व ज्ञान के लिए ध्यान योग में निरन्तर दृढ़ स्थिति, सात्त्विक दान, इन्द्रियों का दमन, भगवान् , देवता और गुरुजनों की पूजा तथा अग्निहोत्र आदि उत्तम कर्मों का आचरण एवं वेद- शास्त्रों का पठन- पाठन तथा भगवान् के नाम और गुणों का कीर्तन, स्वधर्म पालन के लिए कष्टसहन और शरीर तथा इन्द्रियों के सहित अन्त: करण की सरलता ये सभी दैवी सम्पदा के लक्षण हैं ।।

**निर्भयता शुचिता मानस की, ज्ञान योग स्थिति सदा निरन्तर ।**
**स्वाध्याय, तप, दान में अनुरति, सरल भावना यज्ञ शुभंकर ।।**
**गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यै: शास्त्र - विस्तरै: ।**
**या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनि: सृता ।।**



गीता पाठ प्रतियोगिता में मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल रहा प्रथम

- कासीगा स्कूल में अंतरविद्यालय गीता पाठ प्रतियोगिता में 18 स्कूल हुए शामिल
- कासिगा स्कूल द्वितीय, जबकि एन मेरी के प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान पाया

जागरण संवाददाता, देहरादून: कासीगा स्कूल में पारंपरिक अंतरविद्यालय गीता पाठ प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह दिखाया। प्रतियोगिता का खिताब मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल ने जीता।

स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपने संस्कार और गीता को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही स्कूल के इस प्रयास को सराहा। प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। प्रतियोगिता में डीपीएस रुद्रपुर, माउंट लिट्रा जी, ओएसिस, कैंब्रियन हाल, एन मेरी, द हेरिटेज समेत 18 स्कूल के प्रतिभागियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, कासीगा स्कूल द्वितीय, जबकि एन मेरी तृतीय रहा। ओलंपस हाई स्कूल और डीपीएस रुद्रपुर स्कूल ने सांत्वना पुरस्कार जीता। सभी शिक्षकों को स्मृतिचिह्न स्वरूप श्रीमद्भगवत गीता भेंट की गई। लेखक डा. राम विनय सिंह, डा. इंदिरा जुगरान और डा. नीतू बलूनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य राशिद शरफद्दीन ने सभी का आभार जताया।

कासीगा स्कूल में अंतरविद्यालय गीता पाठ प्रतियोगिता के विजेता मानव भारती इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं • स्कूल

**अर्थात् :** गीता सुगीता करने योग्य है, गीता को भली प्रकार पढ़कर अर्थ और भाव सहित अन्त: करणमें धारण कर लेना मुख्य कर्तव्य है, जो कि स्वयं पद्मनाभ भगवान् श्रीविष्णु के मुखारविन्द से निकली हुई है, फिर अन्य शास्त्रों के विस्तार से क्या प्रयोजन है ?

**Manava Bharati School**
D- Block, Nehru Colony, Dehradun 248001 Uttarakhand
E-mail.com:- hr@mbs.ac.in, Website:- www.mbs.ac.in
Phone- 0135-2669306, 8171465265, (Dr. Anantmani Trivedi - 7351351098)

आत्मानं विद्धि

मानव भारती स्कूल देहरादून के लिए प्रसारित। केवल निजी प्रसार के लिए।
**संपादक - डॉ. अनन्तमणि त्रिवेदी, डिजाइन - विशाल लोधा**